कार्यालय अधिष्ठाताः मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय

पंत्राकः सीएफएससी/771 दिनांकः 06.11.25

प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट

अवगत कराना है कि, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के पंत्राक सं0 सीएफएससी/621 दिनांक 06.08.2025 के द्वारा राजकीय वन क्षेत्र तथा भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के समीप 04 तालाबों (कुल क्षेत्रफल 2.00 हे0) को लाइसेन्स शुल्क के आधार पर अगामी 03 वर्ष यथा दिनांक 01.9.2025 से दिनांक 31.8.2028 तक मत्स्य पालन के लिये ठेकेदारों/अधिकृत फर्मों से मुहरबन्द निविदायें दिनांक 13.8.2025 की सांय 04:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी, परन्तु राष्ट्रीय अवकाश जैसे 15.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस, 16.08.2025 को जन्माष्टमी एवं 17.08.2025 को रविवार होने के कारण निविदा ठेकेदारों/अधिकृत फर्मों को निविदा प्राप्त करने हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं हो सका था। जिसको अधोहस्ताक्षरी के पंत्राक सं0 सीएफएससी/629 दिनांक 18.08.2025 के माध्यम से उक्त तालाबों को अगामी 03 वर्ष यथा दिनांक 01.10.2025 से दिनांक 30.9.2028 निविदा विस्तारित की थी, परन्तु एक भी निविदा प्राप्त नहीं हुई थी जिस कारण पुनः उक्त तालाबों को 03 वर्ष यथा दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.12.2028 तक निमंत्रण तिथि दिनांक 29.11.2025 तक विस्तारित किया जाता है तथा अन्य नियम व शर्ते यथावत् रहेगी।

विज्ञापन का प्रारूप
गो0 ब0 पन्त कृषि एवम् प्रौद्योगिक वि0वि0, पन्तनगर
तालाबों को लाइसेन्स शुल्क के आधार पर मत्स्य पालन हेतु निविदा बिक्री की सूचना

गो0 ब0 पन्त कृषि एवम् प्रौद्योगिक वि0वि0, पन्तनगर के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अंतर्गत निम्नांकित विवरणानुसार उपलब्ध 04 तालाबों (कुल क्षेत्रफल 2.00 हे0) को लाइसेन्स शुल्क के आधार पर अगामी **03 वर्ष यथा दिनांक 01.01.2026 से दिनांक 31.12.2028** तक मत्स्य पालन के लिये ठेकेदारों/अधिकृत फर्मों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र.स.	विभाग	तालाब संख्या
1.	मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय	04 तालाब (कुल क्षेत्रफल 2.00 हे0)

उपरोक्त का पूर्ण विवरण निविदा की शर्तों हेतु मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के लेखा कार्यालय से **दिनांक 07.11.2025 प्रातः 9:00 बजे से दिनांक 29.11.2025 सांय 3:00** बजे तक किसी भी कार्यदिवस में रू0 2000 + 18% GST= रू0 2360/– प्रति निविदा के नकद भुगतान/डिमांड ड्राफ्ट द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

अतः उपरोक्त प्रारूप को पुनः एक राष्ट्रीय एवं एक स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापित कराने का कष्ट करें। यह विज्ञापन कुमांऊ, बरेली, मुरादाबाद के संस्करण में भी विज्ञापित किया जाना हितकारी होगा।

आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

06.11.25
अधिष्ठाता
मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय

प्रतिलिपिः सोशल मीडिया।